# अध्याय - 5 | बाज़ार संतुलन

## QUIZ-01

1. एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में संतुलन का क्या अर्थ है?
   A. आपूर्ति माँग से अधिक होती है
   B. माँग आपूर्ति से अधिक होती है
   C. बाजार माँग और आपूर्ति समान होती है
   D. फर्म अधिकतम लाभ कमाती हैं (C)

*व्याख्या:* संतुलन पर, बाजार में माँग और आपूर्ति की गई मात्रा समान होती है।

2. यदि मूल्य संतुलन मूल्य से कम हो तो क्या होगा?
   A. अधिशेष आपूर्ति होगी
   B. बाजार संतुलन में रहेगा
   C. अधिशेष माँग होगी
   D. फर्म बाजार से बाहर निकलेंगी (C)

*व्याख्या:* कम मूल्य पर माँग की गई मात्रा, आपूर्ति से अधिक हो जाती है जिससे अधिशेष माँग उत्पन्न होती है।

3. श्रम बाजार में नीचे ढलती माँग वक्र का कारण क्या है?
   A. मजदूरी में वृद्धि
   B. घटती सीमांत उत्पादकता का नियम
   C. श्रम आपूर्ति में वृद्धि
   D. औसत लागत अधिक होना (B)

*व्याख्या:* घटती सीमांत उत्पादकता के कारण, फर्म अधिक मजदूरी पर कम श्रमिकों को नियुक्त करती हैं।

4. (स्थिर फर्म संख्या के साथ) माँग वक्र के बाएँ खिसकने से क्या होता है?
   A. मूल्य और मात्रा दोनों में वृद्धि
   B. मूल्य और मात्रा दोनों में कमी
   C. केवल मूल्य में वृद्धि
   D. तुलन में कोई परिवर्तन नहीं (B)

*व्याख्या:* माँग वक्र के बाएँ खिसकने से संतुलन मूल्य और मात्रा दोनों में कमी आती है।

5. मुक्त प्रवेश और निकास वाले बाजार में मूल्य किसके बराबर होगा?
   A. अधिकतम लाभ
   B. न्यूनतम औसत लागत
   C. औसत राजस्व
   D. कुल राजस्व (B)

*व्याख्या:* फर्म तब तक प्रवेश/निकास करती हैं जब तक मूल्य न्यूनतम औसत लागत के बराबर नहीं हो जाता।

6. आपूर्ति वक्र के दाएँ खिसकने से क्या परिणाम होता है?
   A. मूल्य में वृद्धि
   B. मूल्य में कमी
   C. मूल्य समान रहता है
   D. माँग में कमी होती है (B)

*व्याख्या:* आपूर्ति वक्र के दाएँ खिसकने से संतुलन मात्रा बढ़ती है और मूल्य घटता है।

7. कौन-सी नीति बाजार में अधिशेष माँग उत्पन्न करती है?
   A. मूल्य समर्थन
   B. मूल्य सीमा
   C. सब्सिडी
   D. मुक्त बाजार (B)

*व्याख्या:* संतुलन मूल्य से नीचे निर्धारित मूल्य सीमा से अधिशेष माँग उत्पन्न होती है।

8. जब माँग और आपूर्ति दोनों बढ़ती हैं, तो संतुलन मात्रा:
   A. बढ़ती है
   B. घटती है
   C. अपरिवर्तित रहती है
   D. स्थानांतरण की मात्रा पर निर्भर करती है (A)

*व्याख्या:* मात्रा हमेशा बढ़ती है; मूल्य स्थानांतरण की तीव्रता पर निर्भर करता है।

9. यदि श्रम बाजार में श्रम का सीमांत उत्पाद का मूल्य मजदूरी दर हो, तो क्या होता है?
   A. फर्म अधिक श्रमिकों को नियुक्त करती हैं
   B. फर्म श्रमिकों को निकालती हैं
   C. श्रम की माँग बढ़ती है
   D. फर्म अधिक उत्पादन करती हैं (B)

*व्याख्या:* लाभ को अधिकतम करने हेतु फर्म श्रमिकों की संख्या घटा देती हैं।

10. संतुलन मूल्य से ऊपर मूल्य समर्थन का क्या प्रभाव होता है?
   A. अधिशेष माँग
   B. कोई प्रभाव नहीं
   C. अधिशेष आपूर्ति
   D. संतुलन मूल्य में वृद्धि (C)

*व्याख्या:* मूल्य समर्थन से फर्म अधिक आपूर्ति करना चाहती हैं, जिससे अधिशेष आपूर्ति होती है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES